महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2022 / 1009-1015 दिनांकः–26.09.2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः– मुख्य परीक्षा 2022 बी0एड0, एम0एड0, बी0एल0एड0, बी0पी0एड0 एवं वार्षिक डिप्लोमा के आन्तरिक अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

मुख्य परीक्षा 2022 बी0एड0, एम0एड0, बी0एल0एड0, बी0पी0एड0 एवं वार्षिक डिप्लोमा की प्रयोगात्मक परीक्षायें आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक आमंत्रित कर सम्पन्न करायी जानी है। आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षकों की सूची विश्वविद्यालय की पोर्टल लिंक mjpruportal.in पर उपलब्ध है। **समस्त महाविद्यालय दिनॉक 30.09.2022 से 20.10.2022 तक प्रत्येक दशा में समस्त प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करा लें,** इसके अतिरिक्त सम्बन्धित कक्षाओं के आन्तरिक अंक भी अपलोड किये जाने हैं। किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंकों को ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं वेवसाइट बन्द कर दी जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी महाविद्यालयों द्वारा सुनिश्चित किया जाना हैः–

1. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अंकपर्ण की दो प्रति तैयार की जायेंगी तथा उनकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय में ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ही स्वीकार्य होगें। विश्वविद्यालय को आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। **उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित नहीं किया जाना है।**
2. सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकायें चुनौती मूल्यॉकन (Challenge Evaluation) से अच्छादित हैं, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मॉगें जाने पर तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. परीक्षकों को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते हैं।
5. समस्त प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान महाविद्यालयों द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए एक वीडियो रिकार्डिंग बनायी जानी है, जिसमें सम्बन्धित परीक्षक एवं समस्त छात्र / छात्रायें स्पष्ट रूप से दिखायी देने चाहिये। उस वीडियों रिकार्डिंग को MP-4 फार्मेट में बनाकर सी0डी0 / पैन ड्राइव विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में उपलब्ध करायी जायें, यदि वीडियो रिकार्डिंग की सी0डी0 / पैन ड्राइव उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो उस महाविद्यालय का परीक्षाफल घोषित नहीं किया जायेगा।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
2. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेवसाइट को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
4. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
5. वै0 सहायक, कुलसचिव।
6. प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय)।

परीक्षा नियंत्रक